an>

title: Need to expedite construction of border roads in Jammu & Kashmir.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) ः मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य की सीमा की सड़कों की ओर दिलाना चाहता हूं, जो जी.आर.ई.एफ. तथा बी.आर.ओ. के अंतर्गत बनाई जा रही हैं। इन सड़कों का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा इनमें से कई ऐसी सड़के हैं जिनका काम पिछले 5-6 सालों से चल रहा है जिसके चलते जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती हैं जिसके कारण कई लोगों को जानें गंवानी पड़ती है इसका मुख्य कारण ये है कि पुलिया बनाने के लिए जगह-जगह पर गड्ढे खोदे हुए हैं और एक तरफ सड़क को उखाड़ दिया गया है तथा उसके मलबे को रोड पर ही रख दिया गया है जिसके कारण धूल, मिट्टी उड़ती रहती है, इससे भी कई लोग बीमार पड़ जाते हैं। इनमें से मुख्य सड़कें हैं- राजौरी से बुढल तथा राजौरी से कालाकोट बॉर्डर रोड, अरनीया, आर.एस.पुरा, जो कि सीमा सड़क में शामिल हैं।

अतः निवेदन यह है कि संबंधित मंत्रालय द्वारा जी.आर.ई.एफ. तथा बी.आर.ओ. को आवश्यक निर्देश देकर इन सड़कों को जल्द से जल्द पूरा किया जाये ताकि लोगों को आ रही परेशानी का समाधान हो सके।